**DAINIK JAGRAN (18.09.2016)**

# वाईएमसीए विवि ने मनाया स्थापना दिवस

## ● विद्यार्थियों ने फ्रेशर पार्टी का भी किया आयोजन ● मिस्टर फ्रेशर राहुल बने और निकिता मिस फ्रेशर



वाईएमसीए विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस के दौरान आयोजित समारोह में कव्वाली पुस्तुत करती छात्राएं।



वाईएमसीए विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस के दौरान आयोजित समारोह में नाटक प्रस्तुत करते विद्यार्थी। जागरण

**जासं, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 8वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की ओर से फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन भी किया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में इंदिरा गांधी राज्य विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के कुलपति प्रो. एसपी बंसल मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार तथा कुलसचिव डॉ. संजय कुमार भी उपस्थित थे। समारोह विद्यार्थी कल्याण के अध्यक्ष प्रो. एस के अग्रवाल तथा सांस्कृतिक मामलों की अध्यक्षा डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. बंसल ने शिक्षण संस्थानों में मूल्य आधारित शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह शिक्षा के साथ-साथ जीवन में मानवीय मूल्यों को भी प्राथमिकता दें। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि वाईएमसीए विश्वविद्यालय का केंद्र बिंदु विद्यार्थी हैं। बीटेक, एमटेक, एमएससी, एमबीए व एमसीए पाठ्यक्रमों में सत्र 2016-17 में दाखिल हुए नए विद्यार्थियों के स्वागत में सीनियर विद्यार्थियों द्वारा आयोजित फ्रेशर्स पार्टी में विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुति देखते ही बनी। फ्रेशर्स पार्टी पर मिस्टर और मिस फ्रेशर्स प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें मिस्टर फ्रेशर का खिताब राहुल ने जीता जबकि निकिता मिस फ्रेशर चुनी गई।

## विद्यार्थियों ने जाना ओजोन परत का महत्व

**जासं, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में आज पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

विश्वविद्यालय के मानविकी एवं विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम पर्यावरण विज्ञान की सहायक प्रोफेसर डॉ. रेणुका गुप्ता की देखरेख में किया गया। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया, जिसमें पोस्टर मेकिंग मे पहला पुरस्कार लविका ग्रोवर, दूसरा प्रियंका तथा तीसरा पंकज ग्रोवर ने हासिल किया। इसी प्रकार स्लोगन लेखन में नेहा दुबे ने पहला पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि दूसरा पुरस्कार प्रिया शर्मा तथा तीसरा चारू गर्ग ने हासिल किया। इससे पूर्व कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों की पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मानविकी एवं विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार भी उपस्थित थे। पर्यावरण मित्र ओजोन परत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि ओजोन परत, जिसे पृथ्वी का कवच भी कहा जाता है, हानिकारक पराबैंगनी किरणों को धरती पर आने से रोकती है। इसका नाता पर्यावरण और मानव के साथ-साथ पृथ्वी पर रहने वाले समस्त जीव-जंतुओं से है। बढ़ते प्रदूषण और औद्योगिकीकरण के परिणाम स्वरूप वायुमंडल में कुछ ऐसे रसायनों की मात्रा बढ़ गई है, जिसके दुष्प्रभाव से ओजोन परत को खतरा उत्पन्न हो रहा है।



कुलपति प्रो. दिनेश कुमार पोस्टर प्रदर्शनी अवलोकन करते हुए। जागरण

**DAINIK BHASKAR (18.09.2016)**

# 'मिस्टर फ्रेशर राहुल, निकिता मिस फ्रेशर बनी

## रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन। छात्रों ने रचनात्मक गतिविधियों में लिया हिस्सा

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 8वां संस्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। संस्थापना दिवस समारोह को यादगार बनाने के लिए छात्रों द्वारा 'फ्रेशर्स पार्टी' का आयोजन भी किया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर मिस्टर और मिस फ्रेशर्स प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें मिस्टर फ्रेशर का खिताब राहुल ने जीता। निकिता मिस फ्रेशर चुनी गईं।

समारोह में इंदिरा गांधी राज्य विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के कुलपति प्रो. एस. पी. बंसल मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व कुलसचिव डॉ. संजय कुमार भी उपस्थित रहे। समारोह संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण प्रो. एस के अग्रवाल व सांस्कृतिक मामलों की अध्यक्ष डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में आयोजित किया गया। प्रो. बंसल ने शिक्षण संस्थानों में मूल्य आधारित शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ जीवन में मानवीय मूल्यों को भी प्राथमिकता दें। कुलपति प्रो. कुमार ने प्रो. बंसल का कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार जताया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि वाईएमसीए विश्वविद्यालय का केंद्र-बिंदु छात्र है।



फरीदाबाद. वाईएमसीए कॉलेज के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

**HINDUSTAN HINDI (18.09.2016)**

# 'मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता दें'

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

## आयोजन

- फ्रेशर्स पार्टी में विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम पेश किए
- मिस्टर फ्रेशर बने राहुल जबकि निकिता मिस फ्रेशर चुनी गई

इंदिरा गांधी राज्य विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के कुलपति प्रो. एसपी बंसल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ जीवन में मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता दें। बंसल शनिवार को फरीदाबाद के वाईएमसीए विश्वविद्यालय में आयोजित 8वें संस्थापना दिवस पर आयोजित समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रो. बंसल ने शिक्षण संस्थानों में मूल्य आधारित शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय को संस्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इससे पहले मुख्य अतिथि बंसल ने विधिवत दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार तथा कुलसचिव डॉ. संजय कुमार भी उपस्थित थे। समारोह संकायाध्यक्ष, विद्यार्थी कल्याण प्रो. एसके अग्रवाल तथा सांस्कृतिक मामलों की अध्यक्षा डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में आयोजित किया गया।

इस समारोह को यादगार बनाने के लिए फ्रेशर पार्टी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की ओर से रंगारंग प्रस्तुति की गई।

**विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुति दी :** वर्ष 2016-2017 में दाखिल हुए नए विद्यार्थियों के स्वागत में वरिष्ठ विद्यार्थियों ने फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। जिसमें बीटेक, एमटेक, एमएससी, एमबीए व एमसीए पाठ्यक्रम के वरिष्ठ विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



फरीदाबाद वाईएमसीए विश्वविद्यालय की ओर से शनिवार को संस्थापना दिवस पर छात्राओं ने भंगड़ा कर समा बांधा। ● हिन्दुस्तान

**PUNJAB KESARI (18.09.2016)**

## नृत्य

छाया :पंजाब केसरी



फरीदाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में भंगड़ा करते छात्र।

**HINDUSTAN HINDI (17.09.2016)**

# छात्रों ने ओजोन परत के महत्व को जाना




वाईएमसीए विवि में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय ओजोन दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेता छात्रा को कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने पुरस्कृत किया। • हिन्दुस्तान

फरीदाबाद | **कार्यालय संवाददाता**

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय ओजोन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शुक्रवार को पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम पर्यावरण विज्ञान की सहायक प्रोफेसर डॉ. रेणुका गुप्ता की देखरेख में किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों की पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मानविकी एवं विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार भी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के विजेताओ को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## जागरूकता

- वाईएमसीए विवि मे अंतरराष्ट्रीय ओजोन दिवस मनाया गया
- पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन में दो सौ छात्र शामिल हुए

पोस्टर मेकिंग में प्रथम पुरस्कार लविका ग्रोवर, दूसरा प्रियंका तथा तीसरा पंकज ग्रोवर को मिला। स्लोगन लेखन में नेहा दुबे ने प्रथम, दूसरा प्रिया शर्मा तथा तीसरा चारू गर्ग को मिला। प्रो. दिनेश ने कहा कि प्रदूषण और औद्योगिकीकरण के परिणामस्वरूप वायुमंडल में कुछ ऐसे रसायनों की मात्रा बढ़ गई है।

**DAINIK BHAKSAR (17.09.2016)**

# ओजोन दिवसः स्टूडेंट्स को एक्सपर्ट ने समझाया जागरूक नहीं हुए तो आगे झेलनी पड़ेगी परेशानी

## स्कूलों व कॉलेजों में हरियाणा राज्य प्रदूषण बोर्ड द्वारा किया गया जागरूकता कार्यक्रम, कई जगह प्रतियोगिताएं हुईं

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

शहर के स्कूल व कॉलेजों में ओजोन दिवस का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया गया। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड फरीदाबाद रीजन द्वारा गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. जय भगवान के आह्वान पर इसके विभिन्न पहलुओं से एक्सपर्ट ने अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. सुरेश सिंह ने की। इसमें जूनियर रेडक्रास व सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने भी सहयोग दिया।



फरीदाबाद. वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में विश्व ओजोन दिवस पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता के बाद छात्रों द्वारा बनाई गई पेंटिंग का अवलोकन करते अतिथि

### छात्रों को इतिहास से कराया गया अवगत

एनएसएस यूनिट और सेंट जान एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि 23 जनवरी 1995 को यूएनओ की आम सभा में पूरे विश्व में ओजोन परत के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से 16 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय ओजोन दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। उस समय पूरे विश्व में 2010 तक ओजोन मित्र वातावरण बनाने का लक्ष्य रखा गया जो अब तक भी पूरी तरह प्राप्त नहीं किया जा सका है। मनचन्दा ने बताया कि ओजोन एक हल्के नीले रंग की गैस होती है। इस की परत भूतल से 10 से 50 किलोमीटर की ऊंचाई पर पाई जाती है। यह गैस सूर्य से निकलने वाली अल्ट्रावायलट अर्थात पराबैंगनी किरणों के लिए अच्छे फिल्टर का कार्य करती है मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यकारी अभियन्ता आर के भोसले, सिद्धार्थ और सुभाष चन्द उपस्थित थे।

### तीन परमाणुओं से मिलकर बनने वाली गैस

ओजोन आक्सीजन के तीन परमाणुओं से मिलकर बनने वाली गैस है। जो वातावरण में बहुत कम पाई जाती है। यदि सूर्य से आने वाली सभी पराबैंगनी किरणें, जिन में सब से हानिकारक यूवी-सी 200-280 होती है। पृथ्वी तक पहुंच जाएं तो सभी प्राणी चर्म कैंसर और मोतियाबिन्द जैसे रोगों से पीड़ित हो जाएंगे। सारे पेड़ नष्ट हो जाएंगे।

शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम हो जाएगी । लेकिन सूर्य विकिरण के साथ आने वाली पराबैंगनी किरणों का 90 प्रतिशत भाग सोख लेता है। जिस से पृथ्वी पर रहने वाले प्राणी व वनस्पति तीव्र ताप व विकिरण से बचे हुए है। इसीलिए ओजोन मण्डल को सुरक्षा कवच कहते है।

### विभिन्न प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के लगभग 200 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। मानविकी एवं विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम पर्यावरण विज्ञान की सहायक प्रोफेसर डॉ रेणुका गुप्ता की देखरेख में किया गया। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसमें पोस्टर मेकिंग में पहला पुरस्कार लतिका ग्रोवर, दूसरा प्रियंका व तीसरा पंकज ग्रोवर ने हासिल किया। स्लोगन लेखन में नेहा दुबे ने पहला पुरस्कार प्राप्त किया। दूसरा पुरस्कार प्रिया शर्मा तथा तीसरा चारू गर्ग ने हासिल किया।

इससे पहले कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने छात्रों की पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

### पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहे हरीचंद

सेक्टर 16ए स्थित पंडित नेहरू कॉलेज में एमएससी कंप्यूटर साइंस के छात्र व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक हरीचंद पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका



का निर्वहन कर रहे हैं। एनएसएस के माध्यम से उन्होंने छात्रों व ग्रामीणों के बीच पौधरोपण के प्रति जागरूकता के लिए अभियान चलाया था। अपने प्रयास से उन्होंने गांव पेल्हक पलवल के सरकारी स्कूल, मंदिर परिसर सहित सार्वजनिक जगहों को हरा-भरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। पल्स पोलियो अभियान, रक्तदान शिविर, युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर, राष्ट्रीय एकता शिविर, युवा रेडक्रॉस, आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों में अहम भूमिका निभा रहे हैं।



फरीदाबाद. एनआईटी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व ओजोन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र व शिक्षक

**AMAR UJALA (17.09.2016)**

# पोस्टर मेकिंग में लविका, स्लोगन में नेहा प्रथम

**बल्लभगढ़ (ब्यूरो)।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय ओजोन दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग में पहला पुरस्कार लविका ग्रोवर, दूसरा प्रियंका तथा तीसरा पंकज ग्रोवर ने हासिल किया। इसी प्रकार स्लोगन लेखन में नेहा दुबे ने पहला, प्रिया शर्मा ने दूसरा और चारू गर्ग ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मानविकी एवं विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम पर्यावरण विज्ञान की सहायक प्रोफेसर डा. रेणुका गुप्ता की देखरेख में किया गया।